संख्या-131/2025/1/1070064/2025/71-1002/77/2023

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 29 अगस्त, 2025**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2025-26 में केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-1) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 50 यू0जी0 (एम0बी0बी0एस0) सीटों की वृद्धि के सापेक्ष अनुमोदित उपकरणों के क्रय हेतु निर्गत वित्तीय स्वीकृति में **त्रुटि संशोधन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-105/2025/1/963008/2025/71-1002/77/2023, दिनांक 16.05.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-1) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 50 यू0जी0 (एम0बी0बी0एस0) सीटों की वृद्धि के सापेक्ष शासनादेश संख्या-124/2024/1/2024/723904/2024-71-1002/77/2023 दिनांक 28.08.2024 द्वारा अनुमोदित उपकरणों की सूची (कुल लागत रू0 1002.54 लाख) के सापेक्ष उपकरणों के क्रय हेतु रू0 1002.54 लाख (रू0 दस करोड़ दो लाख चौवन हजार मात्र) की धनराशि, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं उ0प्र0 लखनऊ के निवर्तन पर एस0एन0ए0 खाते में रक्षित धनराशि में से हस्तान्तरित किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश दिनांक 16.05.2025 के प्रस्तर-3 में योजनान्तर्गत उपकरणों के क्रय हेतु महानिदेशक के निर्वतन पर एस0एन0ए0 खाते में रक्षित धनराशि में से **केन्द्रांश** के रूप में **रू0 1002.54 लाख (रू0 दस करोड़ दो लाख चौवन हजार मात्र)** की धनराशि हस्तांतरित की गयी है।

3- शासनादेश संख्या-105/2025/1/963008/2025/71-1002/77/2023, दिनांक 16.05.2025 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाए।

भवदीय,

मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

<u>संख्या व तद्दिनांक, उपर्युक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. वित्त नियंत्रक, निदेशालय, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज।
5. वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रयागराज।
6. नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
7. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ह0/-

आनन्द कुमार त्रिपाठी

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।